HIMACHAL PRADESH THIRTEENTH VIDHAN SABHA

(Sixth Session)

Questions For Oral Answer

Wednesday, 21th August, 2019/30th Shravan, 1941(Saka)

[Chief Minister - Irrigation & Public Health Minister - Education Minister - Urban Development Minister - Agriculture Minister - Health and Family Welfare Minister - Rural Development & Panchayati Raj Minister - Industries Minister - Forest Minister and Social Justice & Empowerment Minister].

Total No. of Questions - 61

Cement Plant

*1221 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):

Will the **Industries Minister** be pleased to state what is the latest position of the Cement Plant proposed to be set up in Chamba District?

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र

*1222 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र कार्यरत हैं; इनमें कितने पद स्वीकृत हैं, कितने रिक्त हैं तथा रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

हेलीपोर्ट का निर्माण

*1223 **श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में कितने हेलीपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है;

(ख) हेलीपोर्ट कहां-कहां बनाए जा रहे हैं; इन पर कितनी लागत आएगी;

(ग) हेलीपोर्ट में कितने हेलीकाप्टर खड़े हो सकेंगे; और

(घ) हेलीपोर्ट के निर्माण के लिए सरकार ने कितनी धनराशि मंजूर की है तथा कौन-सी कम्पनी द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है?

Stone Crushers

*1224 **Sh. Rakesh Pathania (Nurpur)ः**

Will the **Industries Minister** be pleased to state whether the Government will approach the Supreme Court on the issue of ban by N.G.T. on all Stone Crushers within 100 meters radius of Riverbed?

सड़क/पुल का निर्माण

*1225 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) जिला बिलासपुर में उपायुक्त द्वारा कितनी धनराशि सड़कों और पुलों के निर्माण हेतु आवंटित की गई; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें;

(ख) दिनांक 17-11-2018 के स्वीकृति आदेश के तहत जिन कार्यों हेतु धनराशि आवंटित की गई थी उन कार्यों की डैमेज़ रिपोर्ट की तिथि क्या थी; इनके एस्टीमेट कब तैयार किये गए तथा कब उपायुक्त कार्यालय में जमा करवाए गए; ब्यौरा दें; और

(ग) यह सत्य है कि बिना एस्टीमेट तैयार किए ही धनराशि जारी की गई; यदि हां, तो उसके लिए क्या आधार और मापदंड तय किए गए; ब्यौरा दें?

जाच्छ सब्जी मंडी

*1226 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जाच्छ में सब्जी मंडी खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

धौला सिद्ध परियोजना

*1227 **श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला हमीरपुर में ब्यास नदी पर बनने वाली धौला सिद्ध परियोजना के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

चिकित्सकों की रिक्तियां

*1228 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा(रोहडू) :**
श्री विनोद कुमार(नाचन) :

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक प्रदेश में कितने नए चिकित्सकों तथा स्टाफ नर्सों की भर्ती की गई और कितने पद रिक्त हैं इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है;

(ख) रोहडू नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों के कितने पद रिक्त हैं; इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ग) सरकार द्वारा रोहडू अस्पताल के नए निर्माणाधीन भवन में Central Heating System व Central Gas Pipe का प्रावधान किया जाएगा?

उप-तहसील मकरीड़ी

*1229 **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मकरीड़ी में सरकार द्वारा नई उप-तहसील कब तक कार्यशील कर दी जाएगी; इसमें कौन से पद सृजित किए गए हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पटवारियों के कितने पद रिक्त हैं तथा इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

पूर्व सैनिकों को सुविधाएँ

*1230 **श्री राजिन्द्र गर्ग (घुमारवीं):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार युद्ध में घायल पूर्व सैनिकों को क्या-क्या सुविधाएं दे रही है और क्या सरकार इनके गृह कर को माफ़ करने का विचार रखती है?

Pension & DCRG

*1231 **Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) since when the pension and DCRG are not being paid to the retired employees of HRTC; and

(b) if so, the reason thereof and by when the same will be released?

नागरिक अस्पताल पांवटा

*1232 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक नागरिक अस्पताल पांवटा साहिब में कितने मरीज ईलाज हेतु आए, कितने दाखिल किए गए तथा कितने अन्य अस्पतालों को रेफर किए गए; सूचना सभा पटल पर रखें; और

(ख) यह सत्य है कि नागरिक अस्पताल पांवटा को 100 से 150 बिस्तरों का करने का सरकार ने निर्णय लिया है; यदि हां, तो इसको कब तक कार्यान्वित कर दिया जायेगा?

उठाऊ पेयजल योजनाएं

*1233 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2016-17 में उठाऊ पेयजल योजना दौलतपुर, जलाड़ी, समेला तथा सकौट हेतु नाबार्ड के अन्तर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत हुई थी और इन योजनाओं का कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

भूमि अधिग्रहण

*1234 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निर्माणाधीन फोरलेन सड़क में कितने किसानों की भूमि अधिग्रहण की गई है;

(ख) यह सत्य है कि इस भूमि की निशानदेही (डिमारकेशन) नहीं की गई;

(ग) यदि हां, तो इसकी डिमारकेशन हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(घ) यह भी सत्य है कि फोरलेन में कुछ भूमि ऐसी है जो फोरलेन के दोनों तरफ है; यदि हां, तो सरकार क्या किसानों के लिए वैकल्पिक मार्ग देने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

तटीयकरण

*1235 **श्री राजेश ठाकुर (गगरेट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भू-संरक्षण मण्डल गगरेट के अन्तर्गत चल रहे तटीयकरण के कार्य को वर्षा के कारण कितना नुकसान हुआ है; ब्यौरा दें?

पर्यटकों की संख्या

*1236 **श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में अप्रैल, मई, जून के महीनों में प्रदेश में आने वाले भारतीय व विदेशी मूल के पर्यटकों की संख्या कितनी रही?

Walking Path

*1237 **Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state what is the latest position of the construction work of walking path between Chambaghat to St. Lukes School in Solan town?

भवन निर्माण

*1238 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत महाविद्यालय नेरवा और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक, उच्च, माध्यमिक एवं प्राथमिक पाठशालाओं के भवन निर्माण एवं मरम्मत हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई और कितनी व्यय की गई; ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

*1239 **श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत एक वर्ष में दिनांक 31.07.2019 तक बद्दी में 50 बिस्तरों के अस्पताल के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी तथा इस भवन के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

Vacant Post of Principal

*1240 **Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Education Minister** be pleased to state whether it is a fact that the post of Principal is lying vacant in Government Degree College, Rekong Peo, District Kinnaur; if yes, reasons thereof?

बस अड्डा

*1241 **श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली)ः**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार नगरोटा सूरियां बस अड्डे के निर्माण के लिए धनराशि का प्रावधान करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक, नहीं तो कारण?

होटल का निर्माण

*1242 **श्री राकेश जम्वाल(सुन्दरनगर) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग के नाम भूमि है; यदि हां, तो उस भूमि पर क्या कार्य चल रहा है;

(ख) सरकार इस भूमि पर होटल बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) सरकार पर्यटन विभाग द्वारा सुन्दरनगर में फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

C.H.C. Shoghi

*1243 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state what is the latest postion of construction of Community Health Centre Building at Shoghi and by when the construction work will be completed?

उठाऊ पेयजल योजना खुड़ी-खेतरी

*1244 **श्री इन्द्र सिंह (बल्ह)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत उठाऊ पेयजल योजना खुड़ी-खेतरी का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

अनुबंध नियुक्तियां

***1245** **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में अनुबंध से नियमित हुए कर्मचारियों को अनुबंध नियुक्ति की तिथि से वरिष्ठता देने का सरकार विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

Government College Nankhari

***1246** **Sh. Nand Lal(Rampur) :**

Will the **Education Minister** be pleased to state what is the latest position of construction of building of the Government College Nankhari and Kotla Jeori; how much funds have been provided for the same and by when it will be completed?

मुख्य मंत्री स्वावलम्बन योजना

***1247** **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि मुख्य मन्त्री स्वावलम्बन योजना के अन्तर्गत चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने आवेदन प्राप्त हुए और कितने आवेदकों को इस योजना का लाभ दिया गया; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

वोकेशनल ट्रेनर/अध्यापक

***1248** **कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में वोकेशनल शिक्षा देने हेतु विभिन्न ट्रेडों के आउटसोर्स आधार पर नियुक्त वोकेशनल ट्रेनरों/अध्यापकों को सरकार द्वारा कितना-कितना वेतन कम्पनियों से दिलवाना निर्धारित किया गया है; ट्रेनरों को देने हेतु निर्धारित वेतन व सरकार द्वारा विभिन्न आउटसोर्स कम्पनियों को प्रति ट्रेनर/अध्यापक दी जा रही धनराशि का ब्यौरा दें;

(ख) क्या यह सत्य है कि विभिन्न कम्पनियां एक ही ट्रेड पर इन ट्रेनरों को अलग-अलग वेतन दे रही हैं व कभी-कभी कम्पनियों द्वारा स्वयं निर्धारित वेतन से भी कम वेतन दिया जा रहा है; और

(ग) यदि हां, तो इन विसंगतियों व अनियमितताओं को दूर करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

शिवनगर-गंदड़ सड़क

*1249 **श्री रविन्द्र कुमार (जयसिंहपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि शिवनगर-गंदड़ वाया सियाड़-कुड़ाना सड़क के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है, कितनी व्यय की गई तथा इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जायेगा?

स्वास्थ्य संस्थान

*1250 **श्री जवाहर ठाकुर (दरंग):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) 01 जनवरी, 2018 से 31 जुलाई, 2019 तक द्रंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के भवनों के निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया और कितनी व्यय की गई; और

(ख) वर्तमान में किस-किस संस्थान के भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है और यह कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा संस्थानवार दें?

नगर पंचायत करसोग

*1251 **श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) नगर पंचायत करसोग में विभिन्न श्रेणियों के कुल कितने पद स्वीकृत हैं, कितने रिक्त हैं तथा इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ख) यह भी सत्य है कि नगर पंचायत करसोग में सचिव का पद भी रिक्त है; यदि हाँ, इसे कब तक भर दिया जाएगा?

वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दलाश

*1252 **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दलाश के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत थी; कितनी व्यय की गई तथा कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; और

(ख) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्रारंभिक शिक्षण संस्थानों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं तथा इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

48 MW Hydel Project

*1253 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) what is the latest position of 48 MW Sundla Surgani Hydel Project; and

(b) whether the funding for the same has been arranged?

पदपूर्ति

*1254 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त है और इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा मण्डल/उप-मण्डलवार दें?

उपकरण/सामग्री क्रय हेतु बजट

*1255 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत छः माह में दिनांक 31-07-2019 तक आयुर्वेद विभाग द्वारा कितने उपकरण और सामग्री क्रय की गई तथा इस हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान था;

(ख) जैम पोर्टल के माध्यम से एक समय में अधिकतम कितनी धनराशि की खरीद की जा सकती है; इस खरीद हेतु नियमों के अन्तर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की गईं; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) यह सत्य है कि इस खरीद में अनियमितताएं पाई गईं थी; यदि हां, तो दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

अग्निशमन केन्द्र

*1256 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत उपमंडल गोहर में अग्निशमन केंद्र खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

निविदाएं

*1257 **श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक लोक निर्माण मण्डल हमीरपुर के अन्तर्गत कितनी ऑफ लाइन और ऑन लाइन निविदाएं आमन्त्रित की गईं और यह कार्य किनको प्रदान किए गए; ब्यौरा दें?

बैकवर्ड एरिया सब प्लान

*1258 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31 जुलाई, 2019 तक पिछड़ा क्षेत्र उपयोजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

*1259 **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर)ः**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लडभड़ोल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के भवन के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की है तथा इसका निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ किया जाएगा?

प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कर्मचारी/अधिकारी

*1260 **श्री राजिन्द्र गर्ग (घुमारवीं):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि कर्मचारी/अधिकारी के लम्बी प्रतिनियुक्ति पर जाने पर उनके रिक्त स्थान को नहीं भरा जाता है; यदि हां, तो कारण?

विकास खण्डों में व्यय धनराशि

*1261 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31-07-2019 तक प्रदेश के विभिन्न विकास खण्डों में विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत कितनी धनराशि व्यय की गई तथा कितनी शेष है; ब्यौरा शीर्षवार एवं विकास खण्डवार दें?

मुख्य मन्त्री लोक भवन योजना

*1262 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में मुख्य मन्त्री लोक भवन योजना कब प्रारम्भ की गई और इसके अन्तर्गत दिनांक 31.07.2019 तक कितने विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में भवनों का निर्माण किया गया; ब्यौरा दें?

दुकानों का आवंटन

*1263 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि राजीव गांधी आयुर्वेदिक अस्पताल पपरोला में सरकार द्वारा परिसर में बनाई गई दुकानें गत तीन वर्षों से बंद पड़ी हैं; यदि हां, तो सरकार कब तक इनका आवंटन करने का विचार रखती है?

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोह

*1264 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अर्न्तगत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोह में कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने रिक्त हैं और इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

संरक्षण अधिकारी कार्यालय

*1265 **श्री राजेश ठाकुर (गगरेट):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में कितने संरक्षण अधिकारियों के पास कार्यालय तथा उनके साथ अधीनस्थ कर्मचारी नियुक्त नहीं है; इनको कार्यालय उपलब्ध करवाने हेतु तथा अधीनस्थ कर्मचारी मुहैया करवाने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

सड़क निर्माण

*1266 **श्री सुन्दर सिंह ठाकुर(कुल्लू) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अर्न्तगत शारणी-पीणी एवं मलाणा सड़कों का निर्माण कार्य कब और किस ठेकेदार को आवंटित किया गया था; नाम सहित ब्यौरा दें; इनके निर्माण हेतु क्या समयावधि निर्धारित की गई है; और

(ख) इस कार्य में विलम्ब होने के क्या कारण रहे तथा ठेकेदार के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

Admission of Golden Chance Students

*1267 **Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Education Minister** be pleased to state whether the Government will consider Plus one Golden Chance pass students to get admission in plus two class?

भवन निर्माण

***1268 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत तहसील चौपाल, नेरवा, कुपवी व उप-तहसील देहा में तहसील भवन, कानूनगो कार्यालय एवं पटवारखाने बनाने हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई, कितनी व्यय की गई; ब्यौरा दें?

Recruitment

***1269 Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that the Government has decided to recruit all class III & IV employees (including Boards & Corporations) through S.S.C; and

(b) is it also true that H.P. Tourism Development Corporation is recruiting employees directly?

विधायक प्राथमिकता

***1270 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक ज्वाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विधायक प्राथमिकता के विभिन्न कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) सरकार इन कार्यों को पूर्ण करने हेतु कोई समय सीमा निर्धारित करेगी?

उप मण्डल का स्थानान्तरण

***1271 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड सीमित के उप मण्डल निहरी को मण्डल करसोग से निकालकर मण्डल सुन्दरनगर में मिलाने का सरकार विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

Science Classes

*1272 **Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that Science Block has been constructed in Government Degree College Dhami; and

(b) by when the Science Classes will be started there?

झील सौन्दर्यीकरण

*1273 **श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नलसर तथा कुन्तमय झीलों के सौन्दर्यीकरण का कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

व्हाइट सीमेंट प्लांट

*1274 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार नौहराधार क्षेत्र में व्हाइट सीमेंट प्लांट लगाने का विचार रखती है; यदि हां, तो इस हेतु समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं; सदन को अद्यतन स्थिति से अवगत करवाया जाए?

Ropeway

*1275 **Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that the Government has decided to construct a ropeway from Sarahan to Bashar Kanla; and

(b) by when the funds will be provided for the construction of this ropeway?

ग्राम पंचायत अम्ब

*1276 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि ग्राम पंचायत अम्ब में कितने पद स्वीकृत हैं, कौन-कौन कर्मचारी कार्यरत हैं तथा इनका वेतन किस मद से दिया जा रहा है?

सी0 टी0 स्कैन

*1277 **कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि लाल बहादुर शास्त्री राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय नेरचौक जिला मण्डी में सी0टी0 स्कैन की सुविधा उपलब्ध नहीं है; यदि हां, तो यह सुविधा कब तक उपलब्ध करवा दी जायेगी?

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेड़ी

*1278 **श्री रविन्द्र कुमार (जयसिंहपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेड़ी के भवन का उद्घाटन कब हुआ; इस स्वास्थ्य केन्द्र हेतु कितने पद सृजित हैं तथा इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

पेयजल आपूर्ति

*1279 **श्री जवाहर ठाकुर (दरंग):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में शहरों व गांवों में प्रति व्यक्ति कितना पेयजल प्रतिदिन दिया जाना निर्धारित है और कितना दिया जा रहा है;

(ख) सरकार इसमें निकट भविष्य में कोई परिवर्तन करने का विचार रखती है; और

(ग) सरकार द्वारा पेयजल की कमी को दूर करने हेतु क्या पग उठाये जा रहे हैं?

अनुसूचित जाति उप-योजना

*1280 **श्री हीरा लाल (करसोग)ः**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत किन-किन बस्तियों की सड़कें चिन्हित की गईं;

(ख) इनमें से कितनी सड़कों का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा कितनी का शेष है; सड़कवार ब्यौरा दें; और

(ग) प्रत्येक सड़क पर 31-07-2019 तक कितना व्यय किया गया है तथा कितनी सड़कों पर कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है; ब्यौरा दें?

भू-संरक्षण

*1281 **श्री किशोरी लाल (आनी)ः**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत भू-संरक्षण विभाग द्वारा कौन से कार्य किए जा रहे है और इनकी अद्यतन स्थिति क्या है?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**
दिनांकः 5 अगस्त, 2019. **सचिव।**